एक नजर में

## आईएमए की डिजिटल मार्केटिंग वर्कशॉप

इंदौर. अब कारोबार बढ़ाना हो, नौकरी पानी हो या घर बैठे कमाई करनी हो, डिजिटल मार्केटिंग सीखना सबके लिए ज़रूरी हो गया है. इसी सोच के साथ इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन (आईएमए) ने जाल ऑडिटोरियम, साउथ तुकोगंज में 3 दिवसीय डिजिटल मार्केटिंग वर्कशॉप का आयोजन किया. वर्कशॉप में 40 से अधिक विद्यार्थियों, व्यापारियों, उद्यमियों और नौकरीपेशा लोगों ने भाग लिया और डिजिटल मार्केटिंग व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के आधुनिक टूल्स की व्यावहारिक ट्रेनिंग ली. वर्कशॉप के मुख्य प्रशिक्षक एवं डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञ श्री पवन त्रिपाठी ने तीनों दिन प्रतिभागियों को सरल भाषा और लाइव उदाहरणों के साथ प्रशिक्षण दिया. आईएमए के प्रेसिडेंट नवीन खंडेलवाल ने कहा आईएमए का उद्देश्य युवाओं और पेशेवरों को उद्योग की आज की ज़रूरतों के हिसाब से तैयार करना है। इस वर्कशॉप को मिले शानदार रिस्पॉन्स को देखते हुए आगे भी डिजिटल स्किल, उद्यमिता, नेतृत्व विकास और प्रबंधन से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

## सैमसंग ने फुटबॉल प्रशंसकों के लिए शुरू किया कैम्पेन

इंदौर. सैमसंग इंडिया ने फुटबॉल प्रेमियों के लिए अपने विजन एआई बिग टीवी पर विशेष ऑफर्स की घोषणा की है. बिग गेम, बिगर स्क्रीन, बिगेस्ट मोमेंट्स नामक इस कैम्पेन के तहत कंपनी ग्राहकों को घर बैठे टीवी पर मैच देखने का रोमांचक अनुभव देती है, जो उन्हें स्टेडियम जैसा रोमांच महसूस कराता है. सैमसंग की 2026 विजन एआई टीवी सीरीज में मौजूद एआई सॉकर मोड फुटबॉल मैच के हर पल को और रोमांचक बना देता है. यह रिकॉर्ड-टाइम में दृश्यों का विश्लेषण कर गेंद की तेज रफ्तार को अधिक स्पष्टता से दिखाता है, रंगों को और निखारता है और ऐसा साउंड अनुभव देता है, जिससे आप स्टेडियम में बैठकर मैच का आनंद ले रहे हों. विजन एआई कंपैनियन (वीएसी) सैमसंग टीवी में एआई प्लेटफॉर्म्स जैसे बिक्सबी, परप्लेक्सिटी और माइक्रोसॉफ्ट कोपायलट को एकीकृत करता है, जो एआई अपस्?केलिंग प्रो के साथ कम रिज़ॉल्यूशन वाले कंटेंट को बेहतर विवरण, गहराई और कंट्रास्ट के साथ पेश करता है.

## स्कोडा ने नई कोडियाक आरएस लॉन्च करने का किया ऐलान

इंदौर. स्कोडा ऑटो इंडिया अपनी हाई-परफॉर्मेंस आरएस रेंज को नई कोडियाक आरएस के साथ और मजबूत करने जा रही है. 50 वर्षों से अधिक पुरानी आरएस विरासत और 125 वर्षों से ज्यादा के मोटरस्पोर्ट इतिहास पर आधारित यह नया मॉडल ब्रांड की परफॉर्मेंस-उन्मुख पहचान को और मजबूती देता है. 22 जून से बुकिंग के लिए उपलब्ध होने वाली कोडियाक आरएस दमदार परफॉर्मेंस, शानदार मोटरस्पोर्ट कैरेक्टर, सात-सीटर लग्ज़री की बहुउपयोगिता और 4×4 तकनीक से लैस बेहतर ऑल-टेरेन क्षमता का बेहतरीन मेल पेश करती है. इस घोषणा पर स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा आरएस बैज 50 वर्षों से अधिक की वैश्विक परफॉर्मेंस विरासत का प्रतीक रहा है और भारत में भी ऑक्टाविया आरएस के दो दशक पहले आगमन के बाद से इसका बेहद मजबूत प्रशंसक वर्ग रहा है. पिछले साल लॉन्च हुई नई ऑक्टाविया आरएस केवल 20 मिनट में पूरी तरह बिक गई थी, जिसने ऑटोमोबाइल उत्साहियों के बीच इसकी खास लोकप्रियता को साबित किया.

## माधुरी दीक्षित ने जे.बी. नगर के दिनों को याद किया

इंदौर. सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर आने वाला इंडियाज़ बेस्ट डांसर सीज़न 5, जो इंडिया वाला डांस का जश्न मना रहा है, दर्शकों को एक भावुक और नॉस्टैल्जिक पल देगा. इस एपिसोड में माधुरी दीक्षित, जो फ़िल्म माँ बहन में अपना किरदार निभाती नज़र आएंगी, अपने बचपन, पारिवारिक मूल्यों और स्टारडम तक की यात्रा को याद करती हैं. उन्हें उनकी ज़िंदगी और करियर का जश्न मनाने वाला एक विशेष वीडियो दिखाया गया, जिसके बाद माधुरी ने मुंबई के जे.बी. नगर में बिताए अपने बचपन की दिल छू लेने वाली यादें साझा कीं. माधुरी दीक्षित ने कहा इतनी सारी यादें हैं. मैं बड़ी हो रही थी, जो पड़ोसी थे वो भी परिवार के सदस्य हुआ करते थे. किसी के घर में खाना खाना है तो हमारे घर में आ जाते थे. वो जो रिश्ते थे, कमाल के थे। क्योंकि अब तो ऐसे घरों में रहते हैं जहाँ पता भी नहीं होता कि आपके पड़ोसी कौन हैं. जे.बी. नगर में एक परिवार जैसा माहौल था, वो बहुत शानदार था. बच्चे साथ खेलते भी थे, साथ में पिटते भी थे। यह अद्भुत था.

## सुषमा दुबे की कृति को पीपा स्मृति पुरस्कार



इंदौर. साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश द्वारा मध्यप्रदेश की बोलियों के लिए साहित्यिक कृति पुरस्कारों (वर्ष 2024) की घोषणा की गई है. इंदौर की वरिष्ठ लेखिका श्रीमती सुषमा दुबे की मालवी कृति गुडधाणी का चयन संत पीपा स्मृति पुरस्कार के लिए हुआ है. आप विचार प्रवाह साहित्य मंच की संस्थापक अध्यक्ष हैं.

## डिस्कवरी के शो 'नेकेड एंड अफ्रेड में सर्वाइवल अनुभव

इंदौर. भारतीय दर्शकों ने अब तक रोमांचकारी शो, रियलिटी प्रतियोगिताएं और सहनशक्ति परखने के लिए बने कार्यक्रम तो बहुत देखे हैं, लेकिन डिस्कवरी का आगामी शो 'नेकेड एंड अफ्रेड : आदिमानव' भारतीय टेलीविजन पर पहले कभी न देखा गया सर्वाइवल अनुभव ला रहा है. वैश्विकस्तर पर सफल 'नेकेड एंड अफ्रेड' फ्रेंचाइजी के पहले भारतीय रूपांतरण के रूप में यह सीरीज रोमांच, सहनशक्ति और वास्तविक सर्वाइवल को एक साथ लाएगी, जिसमें प्रतिभागियों की सीमाओं को उनके अंतिम बिंदु तक परखा जाएगा. 15 जून को रात 11 बजे डिस्कवरी चैनल और डिस्कवरी प्लस पर प्रदर्शित होने वाला यह शो 6 भारतीय प्रतिभागियों को फिलिपींस के पलावन के खतरनाक जंगलों में ले जाएगा, जहां उन्हें अनजान जंगलों, अनिश्चित मौसम और विषम परिस्थितियों में सीमित संसाधनों के साथ बिना किसी आधुनिक सुविधाओं के रहना होगा। इसके बाद सूझबूझ, परिस्थितियों से तालमेल बिठाने की क्षमता और दृढ़ संकल्प की असली परीक्षा होगी.

## एमेज़ॉन भरोसेमंद ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म बनकर उभरा

इंदौर. भारत में तेजी से बढ़ते डिजिटल कॉमर्स के ईकोसिस्टम को काफी वित्तीय घाटे का सामना करना पड़ रहा है. इसका कारण है भ्रामक इंटरफेस डिज़ाईन, जिन्हें ''डार्क पैटर्न'' के रूप में जाना जाता है. डेटम इंटेलिजेंस की ''डार्क पैटर्न्स इन इंडियाज़ ऑनलाईन मार्केटप्लेसेज़'' रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय ग्राहकों को डार्क पैटर्न की वजह से हर साल 25,000 करोड़ रुपये से 28,000 करोड़ रुपये तक का नुकसान हो रहा है. देश के 304 मिलियन ऑनलाईन खरीददारों में से 88 प्रतिशत को प्रतिमाह औसतन 78 रुपये से 87 रुपये का नुकसान होता है. यह सर्वे साल 2026 की पहली तिमाही में 50 शहरों के 2,590 से अधिक ग्राहकों के बीच किया गया. इसमें क्विक कॉमर्स, ई-कॉमर्स और ऑनलाईन ट्रैवल में 12 मुख्य प्लेटफॉर्म्स के बारे में सवाल पूछे गए थे. सर्वे में एमेज़ॉन भारत के सबसे भरोसेमंद ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस के रूप में उभरा। 50 प्रतिशत ग्राहकों ने इसे सबसे विश्वसनीय प्लेटफॉर्म माना. इसके विपरीत, फ्लिपकार्ट, मिंत्रा और नाईका के प्रति ग्राहकों में अविश्वास रहा. फ्लिपकार्ट के लिए विश्वास और अविश्वास का अंतर सबसे कम रहा.

## ऑटोडेस्क ने डिजिटल फर्स्ट इंडिया में निवेश किया

इंदौर. भारत में ऑटोडेस्क स्टोर में एक महत्वपूर्ण अपग्रेड किया गया है। ऑटोडेस्क ने इसे एक पूरी तरह से सेल्फ-सर्व प्रोक्योरमेंट प्लेटफॉर्म में बदल दिया है. इससे देश में स्टार्टअप्स, उद्यमियों, फ्रीलांसर और छोटे एवं मध्यम व्यवसायों (एसएमबी) को प्रोफेशनल डिज़ाईन और टेक्नोलॉजी अधिक आसानी से उपलब्ध हो पाएंगे. ऑटोडेस्क स्टोर एक डिजिटल-फर्स्ट गो-टू-मार्केट मॉडल की तरह काम करेगा. इससे ग्राहकों के लिए इसके डिज़ाईन एंड मेक सॉल्यूशंस को खोजना, आजमाना, खरीदना और मैनेज करना आसान हो जाएगा. कामोलिका गुप्ता पेरेज़, वाईस प्रेसिडेंट, ऑटोडेस्क इंडिया और सार्क ने कहा भारत में लगभग एक बिलियन इंटरनेट यूज़र हैं. इस पीढ़ी के लिए डिजिटल एक चैनल नहीं, बल्कि एक जरूरत है. आज के ऑटोडेस्क क्रिएटर समुदाय में डिज़ाईनर, एनिमेटर और मैन्युफैक्चरर हैं, जो प्रोफेशनल टेक्नोलॉजी को तुरंत खोजना, आजमाना और खरीदना चाहते हैं, ठीक वैसे ही, जैसे वो अन्य ऑनलाईन प्रोडक्ट्स और सर्विसेज़ के लिए करते हैं.

## भारत में लॉन्च हुआ पोवा 8

इंदौर. आजकल स्मार्टफ़ोन एक जैसे दिखने लगे हैं. एक जैसा स्लैब, एक जैसी सुरक्षित फ़िनिश और एक जैसा साधारण बैक. पोवा 8 को इन सबसे बिल्कुल अलग सोच के साथ डिज़ाइन किया गया था. पोवा 8, पोवा की लाइनअप का सबसे नया और अब तक का सबसे दमदार मॉडल है. इसमें फ़्यूचरिस्टिक साइबरपंक डिज़ाइन, एक ऐसा लाइटिंग सिस्टम जो असल में आपके हिसाब से काम करता है, और हर तरह की चुनौती का सामना करने वाला हार्डवेयर है। पोवा 8 एक बात साफ़ कर देता है- इसका मकसद कभी भी सामान्य रहना नहीं था. अलाइव मैट्रिक्स डिज़ाइन साइबरपंक कल्चर, मशीन के लुक और डिजिटल आर्किटेक्चर से प्रेरित, पोवा 8 में शार्प जियोमेट्रिक डिज़ाइन, मेटैलिक-स्टाइल टेक्सचर और एक खास इंटरैक्टिव रियर लाइटिंग सिस्टम है जो डायनामिक तरीके से काम करता है — यह आपके म्यूज़िक के साथ धड़कता है, नोटिफ़िकेशन के लिए जलता है और आपके टच पर प्रतिक्रिया देता है। यह हर इंटरैक्शन को देखने लायक पल बना देता है. पोवा 8 की 8000 एमएएच बैटरी उन लोगों के लिए बनाई गई है जो हमेशा चलते-फिरते रहते हैं, हमेशा एक्टिव रहते हैं और एक साथ कई काम करते हैं.

# ड्रेनेज लाइन के लिए गली-गली में खोदी सड़कें

- बारिश में पूरे शहर में जनता होगी परेशान
- कई पुराने कामों के गड्ढे भी आज तक नहीं भरे

नव भारत न्यूज

इंदौर. लगता है पूरा इंदौर शहर इस बार बारिश में गांव की सड़कों यानि कीचड़, गाद और ऊबड़-खाबड़ सड़कों का आनंद लेगा. निगम ने बारिश के पहले शहर की दुर्गति करने की तैयारी कर दी है. हालत यह है कि छह माह पहले शहर की गली गली में नर्मदा लाइन के लिए खुदाई की गई थी, जिसके गड्ढे आज तक नहीं भरे है.



उनका पेंचवर्क भी नहीं किया गया है. निगम ने बारिश के पहले शहर की कई गलियों और मोहल्लों की मुख्य सड़कों पर ड्रेनेज की खुदाई शुरू कर दी है.



ड्रेनेज के लिए सीमेंट की सड़कों को बीच में से खोदा जा रहा है, ताकि फिर से सड़क निर्माण का टेंडर जारी कर सके. शहर में एक ही काम को कई बार कैसे करते है? यह सीखना हो तो नगर निगम से अच्छी और बेहतर जगह कोई नहीं है. यह बात इसलिए कही जा सकती है कि शहर के लगभग हर वार्ड की मुख्य सड़कों और गलियों में खुदाई हो रही है. खुदाई भी सीमेंट कांक्रीट की सड़कों की की जा रही है. नगर निगम ने दो दिन पूर्व नेहरू नगर जीण माता मंदिर वाली गली, कलेक्टर कार्यालय के साइड में होमगार्ड वाली गली, स्कीम 71 रणजीत हनुमान के आगे वाली गली, प्रेस कॉम्प्लेक्स के पीछे, छोटा बांगड़दा सहित सैकड़ों की संख्या में गलियों और मोहल्लों में खोद दिया है. वह भी तब, जब बारिश शुरू होने में कुछ दिन बचे है. शहर में बारिश के दौरान खुदी सड़कें और गलियों में कितना कीचड़ गादा होगा? इसको जनता और क्षेत्र रहवासी ही महसूस करेंगे.

**यातायात भी जाम हो रहा-** अभी पिछले कुछ दिनों से पाटनीपुरा, मालवा मिल, राजकुमार ब्रिज, भंडारी ब्रिज सहित कई शहर के मुख्य मार्गों पर खुदाई के कारण यातायात जाम हो रहा है. अधिकांश जगहों पर बनी बनाई सीमेंट सड़कों को खोदा जा रहा है. एक बात और ध्यान देने वाली यह है कि करीब छह महीने पहले ही शहर के सभी इलाकों में नर्मदा लाइन कर लिए सीमेंट के सड़कों को नुकसान पहुंचाया गया है. आज कई जगहों पर सड़कों का पेंच वर्क नहीं किया गया है.

### यह बोले जिम्मेदार...



निगम जलकार्य एवं ड्रेनेज प्रभारी अभिषेक शर्मा ने कहा कि शहर में गंदे पानी की समस्या बहुत जगह पर है. उन स्थानों पर सीवरेज लाइन डाली या बदली जा रही है. साथ ही 29 गांव में भी पानी और ड्रेनेज का नेटवर्क नही है तो उस पर कार्य किया जा रहा है. बारिश एक लिए एजेंसियों और अधिकारियों को बेरीकेट्स लगाने का कहा है.

## दिग्गी के खिलाफ अवमानना का प्रकरण दर्ज करने महापौर ने लिखा पत्र



नव भारत न्यूज

इंदौर. पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस वरिष्ठ नेता दिग्विजयसिंह के खिलाफ कोर्ट की अवमानना का प्रकरण दर्ज करने का महापौर ने पत्र लिखा है. महापौर ने सुप्रीम कोर्ट के सॉलिसिटर जनरल को पत्र लिखकर प्रकरण दर्ज करने की मांग की है.

इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के विरुद्ध न्यायालय की अवमानना का प्रकरण दर्ज करने पत्र लिखा है. महापौर ने नियम 1971 की धारा 15 (1)(ङ) के तहत कार्रवाई करने की मांग की है. ध्यान रहे कि दिग्विजय सिंह ने मध्यप्रदेश में राज्यसभा चुनाव की सुनवाई को लेकर कल सुप्रीम कोर्ट पर टिप्पणी करते हर कहा था कि भाजपा की सीट चोरी में सुप्रीम कोर्ट भी शामिल है. इसलिए सुनवाई टाल दी. उक्त बयान के बाद महापौर ने दिग्विजयसिंह के खिलाफ अवमानना प्रकरण दर्ज करने हेतु पत्र लिखा है.

## नगर निगम से लोखंडे पुल तक विकसित होगा रिवर फ्रंट

- महापौर ने किया विकास कार्यों का मौका मुआयना

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर की पहचान कान्ह नदी को नया स्वरूप देने के लिए नगर निगम तेजी से विकास कार्य कर रहा है. कृष्णपुरा पुल से लोखंडे पुल तक 1200 मीटर क्षेत्र में रिवर फ्रंट विकसित करने की योजना पर काम चल रहा है. उक्त विकास कार्यों का आज महापौर ने निगम मुख्यालय के सामने मौका मुआयना किया.**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने मीडिया को बताया कि नगर निगम ने 1200 मीटर के इस हिस्से को रिवर फ्रंट के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया था. उक्त योजना का कार्य तेजी से चल रहा है. रिवर फ्रंट के विकास योजना में नगर निगम से लेकर लोखंडे पुल के आगे तक दोनों ओर रिटेनिंग वॉल और वॉल पिचिंग का कार्य किया जा रहा है. साथ ही नदी में मिलने वाले सीवरेज ग्रे वॉटर को अलग करने तथा उपचारित (ट्रीटेड) जल को नदी में छोड़ने की व्यवस्था बनाई जा रही है.



### गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें

महापौर भार्गव ने मानसून को लेकर अधिकारियों से कहा कि रिटेनिंग वॉल और पिचिंग कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें. बारिश के दौरान किसी प्रकार की क्षति या व्यवधान नहीं हो. विकास कार्य अवलोकन में जल कार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू, एमआईसी राजेश उदावत सहित नगर निगम के विभागीय अधिकारी मौजूद थे.

## स्पीड पोस्ट और पार्सल सेवाओं के विस्तार के लिए डाक विभाग देगा फ्रेंचाइजी

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. डाक सेवाओं को लोगों के घर-घर तक पहुंचाने और स्पीड पोस्ट तथा पार्सल नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए भारतीय डाक विभाग ने इंदौर डाक मंडल में फ्रेंचाइजी देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. विभाग ने इच्छुक व्यक्तियों और संस्थाओं से 25 जून तक आवेदन आमंत्रित किए हैं.**

डाक विभाग का मानना है कि ई-कॉमर्स और ऑनलाइन व्यापार के बढ़ते दायरे के बीच स्पीड पोस्ट एवं पार्सल सेवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है. ऐसे में फ्रेंचाइजी के माध्यम से इन सेवाओं का विस्तार कर आम नागरिकों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी. प्रवर अधीक्षक डाकघर, इंदौर मंडल के अनुसार फ्रेंचाइजी के लिए आवेदक के पास उपयुक्त कार्यस्थल, कंप्यूटर संचालन का मूलभूत ज्ञान तथा ग्राहकों के साथ समन्वय स्थापित करने की क्षमता होना आवश्यक है. चयनित आवेदकों को डाक विभाग के निर्धारित नियमों और शर्तों के तहत सेवाओं का संचालन करना होगा.

### स्वरोजगार के अवसर सृजित होंगे

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इस योजना से न केवल डाक सेवाओं की पहुंच बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे. खासकर ऐसे क्षेत्रों में, जहां डाक सेवाओं की मांग अधिक है, वहां फ्रेंचाइजी मॉडल उपयोगी साबित हो सकता है. फ्रेंचाइजी योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी और आवेदन पत्र निकटतम प्रधान डाकघर, उप डाकघर अथवा प्रवर अधीक्षक डाकघर, इंदौर मंडल कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं.

## संस्था सेवा सुरभि द्वारा आज शाम सांसद से संवाद

इंदौर. संस्था सेवा सुरभि द्वारा वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव के पूर्व सांसद प्रत्याशी के रूप में शंकर लालवानी को आमंत्रित कर उनके समक्ष शहर के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले लोगों के साथ सार्थक संवाद का आयोजन कर उनके समक्ष संसदीय क्षेत्र के हित में कुछ समस्याओं, सुझावों और अन्य बिन्दुओं पर विचार मंथन किया गया था। 13 जून को शाम 6 बजे से साउथ तुकोगंज स्थित अरोड़ वंशीय भवन के सामने होटल कलिंगा पर उन सभी बिन्दुओं पर आमंत्रितजनों की मौजूदगी में आमने-सामने चर्चा का आयोजन रखा गया है. संस्था के संयोजक ओमप्रकाश नरेडा एवं सचिव कुमार सिद्धार्थ ने बताया कि सांसद लालवानी से वरिष्ठ पत्रकार अरविन्द तिवारी उक्त प्रतिवेदन एवं चर्चा के दौरान सुझाए गए बिन्दुओं का सिलसिलेवार विवरण प्रस्तुत कर सांसद से उनके द्वारा की गई पहल के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे.

## पीएससी-यूपीएससी में सफल ओबीसी अभ्यर्थियों को मिलेगा आर्थिक प्रोत्साहन

नवभारत न्यूज

**इंदौर. सिविल सेवा की परीक्षाओं में सफलता हासिल करने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी के अभ्यर्थियों को राज्य शासन देगा आर्थिक प्रोत्साहन.**

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के तहत मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग पीएससी एवं संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी की परीक्षाओं के विभिन्न चरणों में सफल अभ्यर्थियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी. योजना के लिए आवेदन 30 जून तक किए जा सकेंगे.

विभाग के सहायक संचालक अनिल सोनी ने बताया कि योजना का लाभ उन अभ्यर्थियों को मिलेगा जिन्होंने पीएससी या यूपीएससी परीक्षा के किसी भी चरण को पहली बार उत्तीर्ण किया हो. पीएससी परीक्षा के लिए अभ्यर्थी के परिवार की वार्षिक आय तीन लाख रुपये तक होना आवश्यक है, जबकि यूपीएससी में चयनित ओबीसी अभ्यर्थियों के लिए आय सीमा का कोई प्रावधान नहीं है. योजना के अनुसार पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर 15 हजार रुपये, मुख्य परीक्षा में सफलता पर 25 हजार रुपये तथा अंतिम चयन पर 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी. वहीं यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा पास करने पर 25 हजार रुपये, मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने पर 50 हजार रुपये और अंतिम चयन होने पर 25 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे. इस प्रकार यूपीएससी अभ्यर्थियों को विभिन्न चरणों में सफलता के आधार पर कुल एक लाख रुपये तक की प्रोत्साहन राशि मिल सकेगी.

## 15 जून तक शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि समाप्ति के लंबित प्रकरण निपटाने के निर्देश

नवभारत न्यूज

इंदौर. स्कूल शिक्षा विभाग ने प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि समाप्ति से संबंधित लंबित प्रकरणों का निराकरण 15 जून 2026 तक अनिवार्य रूप से करने के निर्देश जारी किए हैं. विभाग ने बताया कि नवीन भर्ती नियम-2018 के तहत वर्ष 2021, 2022 और 2023 में नियुक्त शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि समाप्ति के लिए पूर्व में भी कई बार निर्देश जारी किए जा चुके हैं, इसके बावजूद अनेक प्रकरण जिला एवं संभाग स्तर पर लंबित हैं.

विभाग के अनुसार वर्ष 2023 में नियुक्त उच्च माध्यमिक शिक्षकों, जिन्होंने तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि पूर्ण कर ली है, तथा वर्ष 2021-22 के लंबित मामलों की जानकारी पृथक सूची में भेजने के निर्देश दिए गए थे. हालांकि अब तक केवल भोपाल, सागर और जबलपुर संभाग के कुछ जिलों से ही प्रकरण प्राप्त हुए हैं. संचालनालय ने सभी जिलों एवं संभागों को लंबित प्रकरण तत्काल भेजने तथा यह प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं कि जिले में कोई भी पात्र शिक्षक का परिवीक्षा अवधि समाप्ति संबंधी मामला शेष नहीं है. विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्देशों की अवहेलना होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी.

## भारत सरकार का नया ईंधन नियम डीजल खरीद पर लगी सीमा

- औद्योगिक उपयोगकर्ताओं के लिए अलग व्यवस्था लागू

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. केंद्र सरकार ने ईंधन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डीजल की बिक्री से जुड़े नए नियम लागू कर दिए हैं. इन नियमों के तहत अब आम ग्राहकों और बड़े औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए ईंधन खरीद की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं.**

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी एम एल मारू ने बताया कि कोई भी आम ग्राहक एक दिन में अधिकतम 200 लीटर डीजल ही खरीद सकेगा. इसके साथ ही डीजल की पुन: बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है. इस कदम का उद्देश्य अवैध व्यापार, कालाबाजारी और ईंधन के दुरुपयोग पर रोक लगाना है. इसके अलावा, फैक्ट्रियों और अन्य वाणिज्यिक कॉमर्शियल उपयोगकर्ताओं को अब रिटेल आउटलेट्स से ईंधन उपलब्ध नहीं कराया जाएगा. ऐसे सभी बड़े उपभोक्ताओं को केवल निर्धारित बल्क सेल पॉइंट्स से ही ईंधन खरीदना होगा। इस व्यवस्था से आपूर्ति श्रृंखला को अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने की कोशिश की जा रही है.

### अनियमितता पर होगी कार्रवाई

सरकार ने स्पष्ट किया है कि इन नए नियमों का पालन सभी संबंधित पक्षों के लिए अनिवार्य होगा. यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता या अव्यवस्था पाई जाती है, तो उसके खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी. विशेषज्ञों के अनुसार, इस कदम से ईंधन वितरण में अनुशासन बढ़ेगा और औद्योगिक मांग को अधिक नियंत्रित तरीके से पूरा किया जा सकेगा.

## अटल गृह ज्योति योजना में दी 147 करोड़ की सब्सिडी

इंदौर. मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी राज्य शासन की अटल गृह ज्योति योजना का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही हैं. पिछले एक बिल माह के दौरान कंपनी क्षेत्र के पात्र घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में 147 करोड़ सत्तर लाख रूपए की सब्सिडी प्रदान की गई है. राज्य शासन की इस सब्सिडी योजना से 26.66 लाख उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं. सबसे ज्यादा इंदौर जिले के 3.15 लाख उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं, इन्हें 14 करोड़ से ज्यादा की राहत प्रदान की गई है।धार जिले के 2.62 लाख उपभोक्ताओं, खरगोन जिले के 2.49 लाख उपभोक्ताओं को, उज्जैन जिले के 2.35 लाख उपभोक्ताओं को, रतलाम जिले के 2.15 लाख उपभोक्ताओं को अटल गृह ज्योति योजना से लाभान्वित कर बिल में सब्सिडी प्रदान की गई है.



## दीपक एडवरटाइजिंग को बिग इंपैक्ट अवॉर्ड

इंदौर. मध्य भारत की नंबर एक एडवरटाइजिंग एजेंसी दीपक एडवरटाइजिंग को रेडियो ब्रॉडकास्टर बिग एफएम ने वर्ष 2025-26 के लिए बिग इम्पेक्ट अवार्ड से सम्मानित किया. यह सम्मान कंपनी के पिछले वर्ष में व्यापार में योगदान और बाज़ार पर उनके प्रभाव को मान्यता देने के लिए दिया गया है.

पुरस्कार दीपक एडवरटाइजिंग की मार्केटिंग टीम के दीपक जैन और सचिन उपाध्याय ने लिया. पुरस्कार प्रदान करने के लिए समारोह में अभिनेत्री एवं मॉडल मुग्धा गोड़से मौजूद रहीं, जिन्होंने विजेताओं को पुरस्कार सौंपा. दीपक एडवरटाइजिंग के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक जेठा ने कहा हमें यह सम्मान पाकर गर्व महसूस हो रहा है. यह पुरस्कार उन्हें और बेहतर सेवाएँ व नवाचार प्रदान करने के लिए प्रेरित करेगा.

एक नजर में | भव्य शोभायात्रा व महाआरती में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु

## प्राण प्रतिष्ठा वार्षिक महोत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब

**इंदौर. मच्छी बाजार स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर में गुरुवार को मालवी गुजराती नायी समाज ट्रस्ट द्वारा आयोजित प्राण प्रतिष्ठा वार्षिक महोत्सव, महाआरती एवं महाप्रसादी समारोह भक्ति, श्रद्धा और उत्साह के माहौल में संपन्न हुआ. पूरे आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर भगवान श्रीराम के दर्शन एवं पूजन का लाभ प्राप्त किया और गुरूदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया.**



महोत्सव का शुभारंभ परम महामंडलेश्वर, अखिल भारतीय सेन भक्ति पीठ अचलानंद गिरी महाराज के सानिध्य में हरसिद्धि मंदिर से निकली भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ. बैंड-बाजों, धर्मध्वजाओं, राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकियों, भजन-कीर्तन मंडलियों एवं जय श्रीराम के उद्घोषों से पूरा मार्ग भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया. शोभायात्रा श्री राम मंदिर इंद्रेश्वर मार्ग पहुँची, जहां अचलानंद गिरी महाराज के सानिध्य में भगवान श्रीराम की दिव्य महाआरती संपन्न हुई. महाआरती के पश्चात आयोजित महाप्रसादी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया.

### राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान

अपने आशीर्वचन में अचलानंद गिरी महाराज ने सनातन संस्कृति के संरक्षण, सामाजिक समरसता, नशामुक्ति, गौसेवा, मातृशक्ति सम्मान एवं धार्मिक जागरण का संदेश देते हुए समाज को संगठित होकर राष्ट्र और धर्महित में कार्य करने का आह्वान किया. ट्रस्ट पदाधिकारियों ने आयोजन को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने हेतु अचलानंदाचार्य महाराज का अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा सभी समाजजनों, दानदाताओं, कार्यकर्ताओं, मातृशक्ति, युवा साथियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया.